आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 09.03.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए एक लाख ग्यारह हजार सात सौ तीन करोड़ इक्कीस लाख रुपये का बजट प्रस्तुत किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा– बजट– 2026–27 उत्तराखण्ड के चहुंमुखी विकास को नई गति देगा और प्रदेश के निर्माण के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- राज्य महिला आयोग ने आज से 13 मार्च तक प्रदेशभर में "महिला आयोग, आपके द्वार" अभियान की शुरुआत की।
- टिहरी जिले में चार दिवसीय झील महोत्सव का आज हुआ समापन।

----------

**सीएम ऑन बजट**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज गैरसैंण विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए एक लाख ग्यारह हजार सात सौ तीन करोड़ इक्कीस लाख रुपये का बजट प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट प्रदेश की देवतुल्य जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह जन–जन का बजट है, जो उत्तराखण्ड के चहुंमुखी विकास को नई गति देगा और आत्मनिर्भर, समृद्ध तथा सशक्त प्रदेश के निर्माण के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले चार वर्षों में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।

उन्होंने कहा कि इन प्रयासों को और अधिक मजबूती देते हुए तथा उनका व्यापक विस्तार करते हुए उत्तराखण्ड, विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है।

सदन में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में पहली बार यूसीसी लागू करने के साथ ही नकल विरोधी कानून सहित कई महत्वपूर्ण विधेयक, कानून और जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।

बजट प्रतिक्रिया

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि राज्य सरकार ने समावेशी बजट पेश किया है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने बताया कि बजट में सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि कृषि, खेल, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। वहीं, बदरीनाथ से कांग्रेस विधायक लखपत बुटोला ने बजट को निराशाजनक बताया है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह बजट दिशाहीन है और इसमें प्रदेश के समग्र विकास के लिए ठोस योजना का अभाव दिखाई देता है।

**उत्तराखंड बजट सत्र**

इससे पहले राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के अभिभाषण के साथ आज गैरसैंण के भराड़ीसैंण में बजट सत्र की शुरूआत हुई। राज्यपाल ने अभिभाषण की शुरूआत में राज्य आंदोनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सरकार विकसित और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प से कार्य कर रही है। यह कालखंड आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण एवं अवस्थापना संरचना की दृष्टि से स्वर्णिम काल है।

राज्य महिला आयोग

राज्य महिला आयोग आज से 13 मार्च तक प्रदेशभर में "महिला आयोग, आपके द्वार" अभियान चला रहा है। इसी क्रम में पिथौरागढ़ जिले के विकास भवन में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और उन्हें न्याय दिलाना है।

जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने आयोग के सदस्यों के समक्ष उत्पीड़न, घरेलू विवाद, पारिवारिक कलह और अन्य सामाजिक समस्याओं से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई।

राज्य महिला आयोग की सदस्य रचना जोशी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान कई मामलों को दर्ज किया गया है और उनके निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

टिहरी लेक फेस्टिवल

टिहरी जिले के मुनिकीरेती गंगा तट पर आयोजित चार दिवसीय टिहरी लेक फेस्टिवल का आज पहाड़ी संस्कृति पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि टिहरी लेक फेस्टिवल के दौरान जिले की सभी छह विधानसभाओं में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से जिले के पर्यटन स्थलों का देश–विदेश में व्यापक प्रचार–प्रसार हुआ है और आने वाले समय में इसका लाभ जिले को मिलने की उम्मीद है।

पश्चिम एशिया में तनाव

भारत ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीति का रास्ता अपनाने पर जोर दिया है। पश्चिम एशिया की स्थिति पर लोकसभा में बयान देते हुए विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि सरकार ने पिछले महीने की 20 तारीख को स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एक बयान जारी किया था और सभी पक्षों से संयम बरतने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार उभरते घटनाक्रमों

पर नजर रख रहे हैं और संबंधित मंत्रालय प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय ने स्थिति पर नजर रखने और जानकारी देने के लिए एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। श्री जयशंकर ने कहा कि अब तक लगभग 67 हजार भारतीय नागरिक देश लौट चुके हैं। उन्होंने यह बयान विपक्ष के हंगामे के बीच दिया, जो इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहा था।

पंतनगर एयरपोर्ट

उधमसिंह नगर जिले के पंतनगर स्थित हवाई अड्डे के विस्तारीकरण का कार्य शुरू हो गया है। इस हवाई अड्डे के विस्तार से उत्तराखंड के क्षेत्रीय और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने के साथ ही कुमाऊं क्षेत्र में पर्यटन को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सिविल हवाई अड्डा पंतनगर के निदेशक पवन कुमार ने बताया कि वर्तमान में पंतनगर हवाई अड्डे का टर्मिनल और रनवे लगभग 269 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 380 करोड़ रुपये है। विस्तार कार्य पूरा होने के बाद यहां बोइंग और एयरबस जैसे कोड–ई श्रेणी के विमानों के उतरने और उड़ान भरने की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

.........